दिनांक-27दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

स्वच्छ सर्वेक्षण की प्रतियोगिता में अव्वल आने नागरिकों से लेंगे फीडबैक

भिलाईनगर। स्वच्छ सर्वेक्षण में भिलाई को नंबर वन बनाने के लिए निगम भिलाई सतत प्रयासरत हैं , सड़क, गली, मोहल्लों में सफाई और डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य निरंतर जारी है। निगम के सफाई कर्मचारी नालियों , शौचालयों, रिहायशी, औद्योगिक एवं बाजार वाले क्षेत्रों की सफाई सघन स्तर पर कर रहे है। स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुरूप चल रहे सफाई कार्यो का जायजा नियमित रूप से निगम आयुक्त सहित वरिष्ठ अधिकारी ले रहे हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण में निगम भिलाई को नंबर वन बनाने अब भिलाई निगम क्षेत्रांतर्गत आम नागरिकों से फीडबैक लेंगे। निगम के सभागार में आज उपायुक्त अशोक द्विवेदी व तरूण पाल लहरे ने संपूर्ण भिलाई निगम क्षेत्र में निदान 1100 में प्राप्त होने वाली शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने , प्रमुख बाजार वाले क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई तथा रहवासी क्षेत्र में प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य में निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के गाइडलाइन के अनुरूप चल रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए सड़क की सफाई , कचरा संग्रहण, नालियों की सफाई, निगम क्षेत्र में कचरा एवं मलबे का उठाव, बाजार वाले क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त शहर की ओर कदम बढ़ाते हुए कार्य करने कहा गया। बैठक में स्वच्छता विभाग के कर्मचारी व महिला समूह को एक फीडबैक फार्म प्रदान किया गया है

जनसम्पर्क अधिकारी